**Dainik Bhaskar (Indore), 15th July 2026, Page - 05**

# बेंगलुरु में हुई आईआईटी इंदौर की इंडस्ट्री मीट में 28 कंपनियों ने हिस्सा लिया

इंदौर | उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच रिसर्च एवं इनोवेशन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर ने बेंगलुरु में अपनी छठी उद्योग बैठक (सीआईसी-सीएसआर) का आयोजन किया। इंदौर और नई दिल्ली के बाद हुए इस बेंगलुरु संस्करण में वोल्वो आयशर, बीएचईएल, बीईएमएल, केन्स टेक्नोलॉजी जैसी 28 कंपनियों के करीब 50 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जीजी ट्रॉनिक्स के प्रबंध निदेशक एन. मंजूनाथ मुख्य अतिथि थे। आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस. जोशी ने बताया भारत सरकार के 1 लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान, विकास और नवाचार फंड से उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई दिशा मिलेगी।